# चेतना

विद्यालय दैनिक पत्रिका

2024-25 प्रवेशोत्सव नामांकन अभियान

शिक्षकों का, शिक्षकों के लिए और शिक्षकों द्वारा प्रकाशित


गुरुवार
बिहार
01 अगस्त 2024
Thursday
वर्ष : 3
प्रादेशिक संस्करण




लोकमान्य तिलक स्मृति दिवस




संपादकीय
चेतना सत्र
संविधान
समय सारणी एवं पाठ टीका
पीएम पोषण योजना
चहक
...

## प्रफुल्ल चंद्र राय

भारत में रसायन विज्ञान के जनक माने जाते हैं। वे एक सादगीपसंद तथा देशभक्त वैज्ञानिक थे, जिन्होंने रसायन प्रौद्योगिकी में देश के स्वावलंबन के लिए अप्रतिम प्रयास किए।

की जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं।

02 अगस्त, 1861 - 16 जून, 1944

अगस्त

| सो. | म. | बु. | गु. | शु. | श. | र. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |


15 स्वतंत्रता दिवस
25 चेहल्लुम














***प्रधान संपादक***

**श्री अनिल कुमार प्रभाकर**

***कला एवं प्रबंध संपादक***

**श्री संतोष कुमार ठाकुर**
**श्रीमती बबिता कुमारी**
**श्रीमती रिंकु कुमारी**
**श्रीमती अध्याशा**
**श्रीमती सिमरन कुमारी**
**मो० फरहान**
**श्री दीपक कुमार सिंह**
**सुश्री नेहा कुमारी**
**श्री मिथुन कुमार राय**



**प्रिय गुरुजन !**

आज समाज और देश के सामने सबसे बड़ा प्रश्न है शिक्षा किस लिए दी जाए? विभिन्न मनोवैज्ञानिकों एवं शिक्षा विशारदों ने शिक्षा के विभिन्न उद्देश्य बतलाएँ हैं। किसी विद्वान का मत है कि "विद्या के लिए विद्या" है तो दूसरे विद्वान का मत है कि आजीविका या व्यवसाय के लिए तैयार करना ही शिक्षा का उद्देश्य है। कुछ विद्वानों का मत है कि मनुष्य का शारीरिक, मानसिक, नैतिक तथा अन्य सभी पहलुओं से विकास करना ही शिक्षा का उद्देश्य है। कुछ लोग सच्चरित्र निर्माण को शिक्षा का उद्देश्य मानते हैं।

वैदिक ऋषियों के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य है मानव का सर्वांगीण विकास अर्थात मानव जीवन का जो उद्देश्य है उस उद्देश्य तक पहुँचना ही शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए। मानव जीवन का उद्देश्य पुरुषार्थ-मोक्ष। इसके लिए हमें शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और नैतिक सभी नियमों का ज्ञान होना चाहिए। घर में हम अपने माता-पिता के साथ कैसा व्यवहार करें, समाज में कैसा उत्तम नागरिक बनें, साथियों के साथ कैसे व्यवहार करें, आजीविका के लिए क्या करें, सामाजिक तथा राजनैतिक समस्याओं का क्या हल निकालें। संक्षेप में हर बात में हम पूर्ण हों किसी में अधूरी न रहें, यह वैदिक ऋषियों की शिक्षा का उद्देश्य है। यदि हम अपना सर्वांगीण विकास करते हुए पुरुषार्थ को प्राप्त कर सके, तो हमारी शिक्षा सफल शिक्षा है अन्यथा नहीं।

इसका निष्कर्ष यह है कि शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास और सर्वांगीण विकास का अर्थ है - मानसिक, शारीरिक और रचनात्मक कौशल का विकास। चेतना विद्यालय दैनिक पत्रिका इन उद्देश्यों की पूर्ति के साधनों का एक प्रमुख अंग है। **"चेतना"** विद्यालय दैनिक पत्रिका जहाँ एक ओर बालमन की कोमल भावनाओं के फूटते अंकूर का पोषण करती है वहीं बालमन का पल-पल विकास होते देखकर परम संतोष का अनुभव होता है ठीक वैसे ही जैसे खिलते हुए फूलों को देखकर माली को होता है जो उन्हें सींचता है।

आपकी सर्वाग्रगण्य एवं लोकप्रिय विद्यालय दैनिक पत्रिका **"चेतना"** का आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए हमें हर्ष एवं संतोष की अनुभूति हो रही है, पत्रिका के प्रस्तुत अंक को आपकी आकांक्षाओं के अनुरूप अधिक-से-अधिक उपयोगी बनाने का प्रयास किया गया है। प्रकाशन से संबंधित सभी लोगों के सामूहिक प्रयास एवं सहयोग से यह अंक इतना अधिक उपयोगी बन पाया है।




















**चेतना टीम**
समस्तीपुर
पिन - 848207 (बिहार)
मो. +91 9473119007
Email : chetanastr@gmail.com
https://t.me/TeacherHelpline
https://www.teachersofbihar.org/


**नोट : रविवार के दिन खुलने वाले विद्यालय शुक्रवार के दिन प्रकाशित होने वाले चेतना का उपयोग कर सकते हैं।**

# चेतना सत्र

चेतना

01 अगस्त 2024 Thursday गुरुवार वर्ष 03

## 1. प्रार्थना



### प्रार्थना

हे प्रभु ! आनंद दाता !! ज्ञान हमको दीजिये |
शीघ्र सारे दुर्गुणों को दूर हमसे कीजिये || हे प्रभु...
लीजिये हमको शरण में हम सदाचारी बनें |
ब्रह्मचारी धर्मरक्षक वीर व्रतधारी बनें || हे प्रभु...
निंदा किसीकी हम किसीसे भूल कर भी न करें |
ईर्ष्या कभी भी हम किसीसे भूल कर भी न करें || हे प्रभु .........
सत्य बोलें झूठ त्यागें मेल आपस में करें |
दिव्य जीवन हो हमारा यश तेरा गाया करें || हे प्रभु .........
जाये हमारी आयु हे प्रभु ! लोक के उपकार में |
हाथ ड़ालें हम कभी न भूलकर अपकार में || हे प्रभु .........
कीजिये हम पर कृपा ऐसी हे परमात्मा !
मोह मद मत्सर रहित होवे हमारी आत्मा || हे प्रभु .........
प्रेम से हम गुरुजनों की नित्य ही सेवा करें |
प्रेम से हम संस्कृति की नित्य ही सेवा करें || हे प्रभु...
योगविद्या ब्रह्मविद्या हो अधिक प्यारी हमें |
ब्रह्मनिष्ठा प्राप्त करके सर्वहितकारी बनें || हे प्रभु...

### अभियान गीत

हो जाओ तैयार साथियों हो जाओ तैयार साथियों,
हो जाओ तैयार,
अर्पित कर दो तन मन धन, मांग रही शिक्षा अर्पण,
शिक्षा के जो काम न आए, तो जीवन बेकार,
हो जाओं तैयार साथियो, हो जाओं तैयार साथियो ,
हो जाओ तैयार ।।
सोचने का समय गया, उठो लिखो इतिहास नया जवाब ,
उजियाले से दे दो तुम दुनिया को जवाब,
दुनिया को साथियों , ।। दुनिया को जवाब ,
हो जाओं तैयार साथियो, हो जाओ तैयार ।।
तूफानी गति रुके नही, पाँव थके पर थमे नही ,
उठे हुए माथे के आगे, ठहर न पाती हार ,
ठहर न पाती हार साथियों, ठहर न पाती हार साथियों ,
हो जाओं तैयार साथियो, हो जाओ तैयार ।।
कांप उठे धरती अम्बर,और उठाओ ऊंचा सर ,
कोटि कोटि कंठों से गूंजे, शिक्षा की जयकार ,
हो जाओं तैयार साथियो, हो जाओ तैयार ।।.

### बिहार राज्य प्रार्थना

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे
वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे
मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे
आधे रस्ते पे न रूक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

*- एम. आर. चिश्ती*

### बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार
तू वाल्मीकि की रामायण, तू वैशाली का लोकतंत्र
तू बोधिसत्व की करूणा है, तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप, तू हीं अक्षत चंदन बिहार
तू है अशोक की धर्मध्वजा, तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह, तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि, धरती का नंदन वन बिहार
तेरी गौरव गाथा अपूर्व, तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान, अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक,
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार,
मेरे भारत के कंठहार

*- सत्यनारायण*

## 2. आज का विचार

**ऊंचा सोचिए और विश्वास को ऊंचा रखिए**

## 3. शब्द ज्ञान

| English | | |
|---|---|---|
| Height | *हाईट* | ऊँचाई |
| Length | *लेंगथ* | लम्बाई |
| Width | *विड्थ* | चौड़ाई |
| Thickness | *थिक्नस* | मोटाई |
| Depth | *डेपथ* | गहराई |

| हिन्दी | |
|---|---|
| मुसीबत | समस्या |
| पाबंदी | रोक |
| तकरार | झगड़ा |
| इकरार | मान लेना |
| खिदमत | सेवा |

| संस्कृत | |
|---|---|
| साक्षर: | पढ़ा हुआ |
| अमुख: | बिना मुख वाला |
| स्फुटवक्ता | स्पष्ट बोलने वाला |
| य: | जो |
| तस्यादि | उसका आरंभ |

| اردو (उर्दू) | | |
|---|---|---|
| منقار | *Manqaar* | चोंच |
| منکسر | *Mankasar* | टुटा हुआ |
| موره | *Morh* | मुर्ख |
| مولا | *Maula* | मित्र |
| موه | *Mohh* | प्रेम |

## 4. दिवस ज्ञान

**लोकमान्य तिलक स्मृति दिवस**

## 5. सामान्य ज्ञान-विज्ञान

1. कौन सा ग्रह सूर्य के सबसे निकट है? : बुध
2. विश्व का सबसे बड़ा महासागर कौन सा है? : प्रशांत महासागर
3. विश्व का सबसे ऊँचा पर्वत कौन सा है ? : माउंट एवरेस्ट
4. पी.वी. सिंधु का संबंध ......... से है। : बैडमिंटन
5. मानव शरीर की सबसे छोटी हड्डी कौन सी हैं? : स्टेपीज (कान में स्थित)

## 6. तर्क ज्ञान

1. भारत में सशस्त्र बलों का सर्वोच्च सेनापति कौन होता है? : राष्ट्रपति
2. मछली किसकी सहायता से सांस लेती है? : गलफड़ों
3. एक वृत्त का क्षेत्रफल 154 वर्ग सेंटीमीटर है तो उसका व्यास क्या होगा : 14 cm
4. तिरंगा में कौन सा समास है/ : द्विगु समास
5. CF,DH,EJ,FL........? : GN

## 7. गुण संधि

1. कमलेश : कमल + ईश
2. कर्णोध्दार : कर्ण + उध्दार
3. खगेश : खग +ईश
4. खगेंद्र : खग +इन्द्र
5. गजेंद्र : गज + इन्द्र

## 8. प्रेरक प्रसंग

### आत्मविश्वास है विजय

घटना है वर्ष १९६० की। स्थान था यूरोप का भव्य ऐतिहासिक नगर तथा इटली की राजधानी रोम। सारे विश्व की निगाहें २५ अगस्त से ११ सितंबर तक होने वाले ओलंपिक खेलों पर टिकी हुई थीं। इन्हीं ओलंपिक खेलों में एक बीस वर्षीय अश्वेत बालिका भी भाग ले रही थी। वह इतनी तेज़ दौड़ी, इतनी तेज़ दौड़ी कि १९६० के ओलंपिक मुक़ाबलों में तीन स्वर्ण पदक जीत कर दुनिया की सबसे तेज़ धाविका बन गई।

रोम ओलंपिक में लोग ८३ देशों के ५३४६ खिलाड़ियों में इस बीस वर्षीय बालिका का असाधारण पराक्रम देखने के लिए इसलिए उत्सुक नहीं थे कि विल्मा रुडोल्फ नामक यह बालिका अश्वेत थी अपितु यह वह बालिका थी जिसे चार वर्ष की आयु में डबल निमोनिया और काला बुखार होने से पोलियो हो गया और फलस्वरूप उसे पैरों में ब्रेस पहननी पड़ी। विल्मा रुडोल्फ़ ग्यारह वर्ष की उम्र तक चल-फिर भी नहीं सकती थी लेकिन उसने एक सपना पाल रखा था कि उसे दुनिया की सबसे तेज़ धाविका बनना है। उस सपने को यथार्थ में परिवर्तित होता देखने वे लिए ही इतने उत्सुक थे पूरी दुनिया वे लोग और खेल-प्रेमी।

डॉक्टर के मना करने के बावजूद विल्मा रुडोल्फ़ ने अपने पैरों की ब्रेस उतार फेंकी और स्वयं को मानसिक रूप से तैयार कर अभ्यास में जुट गई। अपने सपने को मन में प्रगाढ़ किए हुए वह निरंतर अभ्यास करती रही। उसने अपने आत्मविश्वास को इतना ऊँचा कर लिया कि असंभव-सी बात पूरी कर दिखलाई। एक साथ तीन स्वर्ण पदक हासिल कर दिखाए। सच यदि व्यक्ति में पूर्ण आत्मविश्वास है तो शारीरिक विकलांगता भी उसकी राह में बाधा नहीं बन सकती।

# संविधान

चेतना

01 अगस्त 2024 Thursday गुरुवार वर्ष 03

## राष्ट्र-गान

*जन-गण-मन अधिनायक जय हे*
*भारत भाग्य विधाता ।*
*पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा*
*द्राविड़-उत्कल-बंग*
*विंध्य हिमाचल यमुना गंगा*
*उच्छल जलधि तरंग*
*तव शुभ नामे जागे, तव शुभ आशिष मांगे*
*गाहे तव जय-गाथा ।*
*जन-गण-मंगलदायक जय हे भारत भाग्य विधाता ।*
*जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय जय हे ।*

*- रविन्द्रनाथ टैगोर*

## राष्ट्रीय गीत

*वंदे मातरम्, वंदे मातरम्!*
*सुजलाम्, सुफलाम्, मलयज शीतलाम्,*
*शस्यश्यामलाम्, मातरम्!*
*वंदे मातरम्!*
*शुभ्रज्योत्सनाम् पुलकितयामिनीम्,*
*फुल्लकुसुमित द्रुमदल शोभिनीम्,*
*सुहासिनीम् सुमधुर भाषिणीम्,*
*सुखदाम् वरदाम्, मातरम्!*
*वंदे मातरम्, वंदे मातरम्॥*

*- बंकिमचन्द्र चटर्जी*

## मौलिक अधिकार

1. *समता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18)*
2. *स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22)*
3. *शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23-24)*
4. *धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25-28)*
5. *संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29-30)*
6. *संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32)*




## संविधान में उपबंधित मौलिक कर्तव्य

1. *संविधान का पालन करना और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्र गान का आदर करना।*
2. *स्वतंत्रता के लिये हमारे राष्ट्रीय संघर्ष को प्रेरित करने वाले महान आदर्शों का पालन करना।*
3. *भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखना और उसकी रक्षा करना।*
4. *देश की रक्षा करना और आह्वान किये जाने पर राष्ट्र की सेवा करना।*
5. *भारत के लोगों में समरसता और समान भातृत्व की भावना का निर्माण करना जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग आधारित सभी प्रकार के भेदभाव से परे हो। साथ ही ऐसी प्रथाओं का त्याग करना जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं।*
6. *हमारी समग्र संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्त्व देना और संरक्षित करना।*
7. *वनों, झीलों, नदियों और वन्यजीवन सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा एवं सुधार करना और प्राणिमात्र के लिए दयाभाव रखना।*
8. *मानवतावाद, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा ज्ञानार्जन एवं सुधार की भावना का विकास करना।*
9. *सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना एवं हिंसा से दूर रहना।*
10. *व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधि के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिये प्रयास करना ताकि राष्ट्र लगातार उच्च स्तर की उपलब्धि हासिल करे।*
11. *6 से 14 वर्ष तक के आयु के अपने बच्चों को शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना। (86वें संविधान द्वारा जोड़ा गया)*

## भारत के संविधान की प्रस्तावना

*हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को :*
*सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय,*
*विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म*
*और उपासना की स्वतंत्रता,*
*प्रतिष्ठा और अवसर की समता,*
*प्राप्त कराने के लिए,*
*तथा उन सब में, व्यक्ति की गरिमा और*
*राष्ट्र की एकता और अखण्डता*
*सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए*
*दृढ़ संकल्पित होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ईस्वी (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।*

# समय सारणी   पाठ टीका

चेतना

**01 अगस्त 2024** **Thursday** **गुरुवार** **वर्ष 03**

ज्ञापांक : 01/मा०शि०-स्था 'ख'-68/2024-1242/पटना    दिनांक :- 28/06/2024

| समय | | 09:00 - 09:15<br>06:30 - 06:45 | 09:15 - 09:55<br>06:45 - 07:20 | 09:55 - 10:35<br>07:20 - 07:55 | 10:35 - 11:15<br>07:55 - 08:30 | 11:15 - 11:55<br>08:30 - 09:05 | 11:55 - 12:35<br>09:05 - 09:45 | 12:35- 01:15<br>09:45 - 10:20 | 01:15 - 01:55<br>10:20 - 10: 55 | 01:55 - 02:35<br>10:55 - 11:30 | 02:35 - 03:15 | 03:15 - 04:00<br>11:30 - 12:10 | 04:00 - 04:30 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ग | घंटी | | पहली | दूसरी | तीसरी | चौथी | | पंचमी | छठी | सप्तमी | आठमी | | |
| 1 | | साफ-सफाई, चेतना सत्र - प्रार्थना | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (कार्यपुस्तिका) | गणित (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | मध्यांतर / मध्याह्न भोजन कार्यक्रम | हिंदी (पढ़ना) | गणित (कार्यपुस्तिका) | अंग्रेजी (पढ़ना और कार्यपुस्तिका) | खेल गतिविधि | मिशन दक्ष के लिए अंतर्गत विशेष कक्षा | वर्ग 1-2 के बच्चों को छोड़कर शेष वर्ग के बच्चों के होमवर्क को चेक करना, पाठ टीका (lesson plan) तैयार करना एवं मिशन दक्ष के बच्चों का प्रोफाइल तैयार करना एवं मिशन दक्ष की विशेष कक्षा लेना, साप्ताहिक मूल्यांकन के आधार पर छात्र-छात्राओं का प्रोफाइल तैयार करना इत्यादि । |
| 2 | | | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (कार्यपुस्तिका) | गणित (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | | हिंदी (पढ़ना) | गणित (कार्यपुस्तिका) | अंग्रेजी (पढ़ना और कार्यपुस्तिका) | खेल गतिविधि | | |
| 3 | | | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (कार्यपुस्तिका) | गणित (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | | पर्यावरण और हम (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (पढ़ना) | गणित (कार्यपुस्तिका) | खेल गतिविधि | | |
| 4 | | | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (कार्यपुस्तिका) | गणित (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | | पर्यावरण और हम (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (पढ़ना) | गणित (कार्यपुस्तिका) | खेल गतिविधि | | |
| 5 | | | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (कार्यपुस्तिका) | गणित (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | | पर्यावरण और हम (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (पढ़ना) | गणित (कार्यपुस्तिका) | खेल गतिविधि | | |
| 6 | | | अंग्रेजी | गणित | विज्ञान | सामाजिक विज्ञान | | हिंदी / उर्दू / अन्य | संस्कृत /राष्ट्रभाषा / अन्य | अंग्रेजी (पठन एवं लेखन) | खेल गतिविधि | | |
| 7 | | | सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी | गणित | विज्ञान | | अंग्रेजी (पठन एवं लेखन) | हिंदी / उर्दू / अन्य | संस्कृत / राष्ट्रभाषा / अन्य | खेल गतिविधि | | |
| 8 | | | विज्ञान | सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी | गणित | | संस्कृत /राष्ट्रभाषा / अन्य | अंग्रेजी (पठन एवं लेखन) | हिंदी / उर्दू / अन्य | खेल गतिविधि | | |

नोट:- 1. उपरोक्त वर्ग - समय सारिणी सुझावात्मक है। 2. विद्यालय अपने संसाधनों यथा - शिक्षक, छात्र, वर्ग कक्ष, सेक्शन की संख्या आदि की उपलब्धता के आधार पर उपरोक्त वर्ग - समय सारणी में परिवर्तन कर सकता है। 3. जिन विद्यालयों में पुस्तकालय है वहाँ बच्चों को सप्ताह में किसी दो अलग-अलग घटियों में पुस्तक पढ़ने को प्रेरित किया जा सकता है। 4. प्रत्येक सप्ताह में सभी विषय की साप्ताहिक मूल्यांकन विद्यालय अपनी सुविधा अनुसार किसी भी दिन किसी भी घंटी करेंगे।

# पाठ टीका NOTES ON LESSONS

| दिनांक<br>Date | घंटी<br>Period | कक्षा<br>Class | विषय<br>Subject | प्रस्तावित पाठ की संक्षिप्त टिप्पणी<br>Brief notes on lessons proposed | कृष्णपट-कार्य<br>Black Board work | अभ्युक्ति<br>Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 अगस्त 2024 | | सभी | चेतना सत्र | साफ-सफाई, प्रार्थना, व्यायाम एवं अन्य आयाम | | |
| | 1 | | | | | |
| | 2 | | | | | |
| | 3 | | | | | |
| | 4 | | | | | |
| | | सभी | मध्यांतर / मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम | | | |
| | 5 | | | | | |
| | 6 | | | | | |
| | 7 | | | | | |
| | 8 | पाठ टीका का संधारण | | | | |

शिक्षक का हस्ताक्षर

***पीएम पोषण योजना का मेनू : -***

| दिनांक | दिन | प्रस्तावित मीनू |
|---|---|---|
| 01 अगस्त 2024 | गुरुवार | चावल + मिश्रित दाल + हरी सब्जी |

***पीएम पोषण योजना :-***

*बच्चों को अपने जीवन, भोजन, शिक्षा तथा विकास का अधिकार है। इस अधिकार की प्राप्ति बच्चे करें एवं उन्हें इसके उचित अवसर मिलें, यह राज्य का दायित्व है। भारतीय संविधान की धारा 21A के अंतर्गत 6 से 14 आयुवर्ग के सभी बच्चों को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का मौलिक अधिकार प्रदत्त है। प्रारंभिक शिक्षा के सर्वव्यापीकरण में मदद करने के उद्देश्य से सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में पीएम पोषण योजना उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। इस योजना का लाभ निम्नवत है :-*

- ***बच्चों को पौष्टिक आहार एवं स्वास्थ्य की प्राप्ति।***
- ***बच्चों के शैक्षिक स्तर में वृद्धि।***
- ***बच्चों के बीच सामाजिक समता।***
- ***बच्चों की सीखने की क्षमता एवं आत्मसम्मान के स्तर को बढ़ाना।***
- ***बच्चों के छीजन में कमी।***
- ***नामांकन एवं उपस्थिति में निरंतर बढ़ोतरी।***
- ***बच्चों के ठहराव, अधिगम एवं एकाग्रता सुनिश्चित करने में मदद।***

**परिवर्तन मूल्य की नई दर की विवरणी (01-10-2022 से प्रभावित)**

**कक्षा 01 से 05 के लिए**

| सामग्री | वजन प्रति छात्र | दर प्रति किलो | मूल्य प्रति छात्र |
|---|---|---|---|
| दाल | 20 Gram | 103.00 | 2.06 |
| सब्जी | 50 Gram | 22.00 | 1.10 |
| तेल | 5 Gram | 121.00 | 0.60 |
| मसाला / नमक | स्वादुनसार | | 0.49 |
| जलावन | 100 Gram | 12.00 | 1.20 |
| | | कुल = | **5.45** |

**कक्षा 06 से 08 के लिए**

| सामग्री | वजन प्रति छात्र | दर प्रति किलो | मूल्य प्रति छात्र |
|---|---|---|---|
| दाल | 30 Gram | 103.00 | 3.09 |
| सब्जी | 75 Gram | 22.00 | 1.65 |
| तेल | 7.5 Gram | 121.00 | 0.90 |
| मसाला / नमक | स्वादुनसार | | 0.73 |
| जलावन | 150 Gram | 12.00 | 1.80 |
| | | कुल = | **8.17** |

**साप्ताहिक मेनू**

| क्र. | दिन | मेनू |
|---|---|---|
| 1. | सोमवार | चावल + मिश्रित दाल + हरी सब्जी |
| 2. | मंगलवार | जीरा चावल + सोयाबीन + आलू की सब्जी |
| 3. | बुधवार | खिचड़ी (हरि सब्जी युक्त) + चोखा + केला / मौसमी फल |
| 4. | गुरुवार | चावल + मिश्रित दाल + हरी सब्जी |
| 5. | शुक्रवार | पुलाव + काबुली चना + लाल चना का छोला + हरा सलाद + उबला अंडा / मौसमी फल |
| 6. | शनिवार | खिचड़ी (हरि सब्जी युक्त) + चोखा + केला / मौसमी फल |

चहक

बच्चों का विद्यालय से जुड़ाव

दिन - 32 | सत्र - 01 | अवधि - 1 घंटा

सामाजिक एवं भावनात्मक विकास

# पसंद का चित्र



**उद्देश्य**

- स्वयं एवं अपने दोस्तों के पसंद को समझना और अभिव्यक्त कर पाना।

**प्रक्रिया**


- शिक्षक बच्चों को गोलाकार में बैठाएँगे।
- उन्हें सादा कागज़, पेंसिल, कलर पेंसिल/क्रेयॉन देंगे।
- शिक्षक पहले अपनी पसंद का खाना और पसंदीदा रंग के बारे में बताएँगे।
- शिक्षक बातचीत का क्रम आगे बढ़ाते हुए बच्चों से उनके पसंदीदा खाना और रंग इत्यादि के बारे में पूछेंगे।
- उनसे उनके दोस्तों की पसंद पर भी चर्चा करेंगे।
- बच्चों के बताने के बाद उनसे अपनी पसंद के खाना/फल/सब्जी/मिठाई जिसे जो पसंद हो, का चित्र बनाने और रँगने को कहेंगे।
- शिक्षक बच्चों से उनकी अपनी पसंद का चित्र बनाने के बाद उनके दोस्तों की पसंद का चित्र भी बनाने और रँगने को कहेंगे।

**सामग्री**

- सादा कागज़, पेंसिल, कलर पेंसिल/क्रेयॉन आदि।

**विकल्प**

- यह क्रिया बच्चों से चॉक से ब्लैकबोर्ड पर भी करवा सकते हैं।



**प्रतिफल**


- स्वयं एवं दूसरों के बारे में बता पाएँगे।

दिन - 32 | सत्र - 02 | अवधि - 1 घंटा

संख्यात्मक विकास एवं पर्यावरणीय जागरूकता

खेल

## बॉल फेंको और गिनो



**उद्देश्य**

- अंकों की गिनती की अवधारणा का समावेश ।

**प्रक्रिया**

- शिक्षक बच्चों को वर्ग – कक्ष से बाहर खुले मैदान में किसी समतल स्थान पर ले जाएँगे ।
- कक्षा में उपस्थित बच्चों की संख्यानुसार 10-10 बच्चों का समूह बना लेंगे ।
- हर समूह में 9 बच्चे गोलाकार में खड़े हो जाएँगे और एक बच्चा गोले के बीच में खड़ा हो जाएगा ।
- बीच में खड़ा होनेवाला बच्चा एक से गिनती शुरू कर पहले बच्चे से नौवें बच्चे तक हर बच्चे को बारी- बारी से गिनती गिनते हुए बॉल फेंकेगा ।
- प्रत्येक समूह के सभी बच्चों द्वारा बारी – बारी से यह प्रक्रिया की जाएगी ।

**सामग्री**

- समूह की संख्यानुसार बॉल।

**विकल्प**

- बच्चों को सीधी रेखा में खड़ा करके भी इस गतिविधि को किया जा सकता है ।



**प्रतिफल**


- बच्चे 1 से 9 तक की गिनती सीख पाएँगे।



दिन - 32 | सत्र - 03 | अवधि - 1 घंटा

भाषा विकास

## कहानी सुनना व समझना



**उद्देश्य**

- मौखिक अभिव्यक्ति का विकास ।

**प्रक्रिया**


- शिक्षक बच्चों को अर्द्ध गोलाकार में बैठाएँगे ।
- शिक्षक सुनाई जाने वाली कहानी में आने वाले पात्रों के बारे में बच्चों के साथ बातचीत करेंगे ।
- शिक्षक बच्चों को हाव-भाव के साथ कोई भी रोचक कहानी सुनाएँगे ।
- कहानी सुनाने के बाद बच्चों से पूछेंगे कि -
  - -उन्हें कहानी कैसी लगी ?
  - -उन्हें कौन-सा पात्र सबसे अच्छा लगा?
  - -क्यों अच्छा लगा? आदि बिन्दुओं पर चर्चा करेंगे ।
- शिक्षक बच्चों को सुनाई गई कहानी को अपनी स्थानीय भाषा में सुनाने के लिए प्रेरित करेंगे ।

**सामग्री**

- कहानी कार्ड, कहानी की पुस्तकें, पोस्टर ।

**विकल्प**

- शिक्षक बच्चों को अपनी दादी-नानी या किसी अन्य से सुनी कहानी कहने के लिए प्रेरित करेंगे ।



**प्रतिफल**

- मौखिक भाषा का विकास एवं शब्द भण्डार में वृद्धि होगी।

# चेतना टीम

**समस्तीपुर**

**पिन - 848207 (बिहार)**

Mobile : **9473119007**

Email ID : chetanastr@gmail.com

WhatsApp : https://chat.whatsapp.com/BgYPOv5HKSv2Vx6uoX1LOZ

Telegram : https://t.me/TeacherHelpline

Facebook : https://www.facebook.com/Anil9473119007

## TEACHERS OF BIHAR

Patna (Bihar)

Mobile : **7250818080**

Website : www.teachersofbihar.org

Email ID : teachersofbihar@gmail.com

Facebook : https://www.facebook.com/teachersofbihar

Youtube : https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

Instagram : https://instagram.com/teachersofbihar

Twiter : https://twitter.com/teachersofbihar